जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 167
दिनांक 09.10.2023

आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण छात्राओं में आत्मविश्वास, मनोबल, शक्ति एवं सामर्थ प्रदान करने में महती भूमिका है– एसपी श्री टी.के. विद्यार्थी

जनेकृविवि की छात्राओं हेतु 07 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का शानदार समापन

विवि में प्रथम बार तीरंदाजी खेल का शुभारंभ

जबलपुर 09 अक्टूबर, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के आंचलिक खेल परिसर में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा 7 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 3 से 9 अक्टूबर 2023 के मध्य आयोजित किया गया। शिविर के समापन अवसर पर आज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर नगर के पुलिस अधीक्षक श्री तुषार कांत विद्यार्थी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर प्रमोद कुमार मिश्रा जी द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी से पुलिस अधीक्षक श्री तुषार कांत विद्यार्थी ने कहा कि छात्रों में आत्मरक्षा हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आप सभी छात्रों में जो चमक, जोश एवं आत्मविश्वास दिखाई दे रहा है, यही आपकी शक्ति एवं सामर्थ है। विषम परिस्थितियों में किस तरीके से हम अपने एवं अपने साथियों का बचाव कर सकें और परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समाधान प्राप्त कर सकें यह महत्वपूर्ण है इस प्रकार प्रशिक्षण कार्यक्रम को लगातार जारी रखना चाहिए। यह हमारे सभी छात्रों को सुरक्षित रखने के साथ–साथ भविष्य में आपको उन्नति, उन्नयन एवं विकास में सहायक सिद्ध होगी, आपने विशेष रूप से तीन बातों पर ध्यान देने की बात कही।1.लक्ष्य के लिए पुरजोर कोशिश करें, उसके पहले किसी भी प्रकार के ऐसे कार्य न करें जो आपके लक्ष्य को पाने में मुश्किल पैदा करें, 2. वर्तमान में सोशल मीडिया के माध्यम से डिजिटल क्राइम से बचने की एवं सजक रहने की अति आवश्यकता है,सोशल मीडिया का उपयोग ज्ञानवर्धन एवं अपने उन्नयन के साथ अपनी शिक्षा को बेहतर करने में उपयोग करें, 3. आपने सभी 18 वर्ष पूर्ण कर रहे छात्र–छात्राओं से वोट देने की अपील की एवं कहां की निष्पक्ष मतदान करना एक श्रेष्ठ राष्ट्र निर्माण की भूमिका प्रदान करता है। आपने अपील की कि ड्राइविंग के दौरान ओवर स्पीडिंग से हमेशा बचें, हेलमेट लगाए एवं यातायात के नियमों का हमेशा पालन करें, ताकि आपका एवं आपके भविष्य को उन्नयन एवं स्वर्णिम जीवनयापन हेतु अति आवश्यक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि इस तरीके के प्रशिक्षण हमारी छात्राओं में एक मानसिक दृढ़ता एवं उन्हें आत्म बल प्रदान करता है प्रशिक्षण निरंतर करते रहें और इसको अपने जीवन में नियमित करके निपुण होना अति आवश्यक है ताकि आप किसी भी भविष्य की समस्याओं समाधान में समर्थ रहे। समापन के दौरान तीरंदाजी खेल का शुभारंभ प्रथम बार विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं हेतु पुलिस अधीक्षक श्री टी.के. विद्यार्थी एवं कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा द्वारा किया गया।

समापन अवसर पर सभी छात्र–छात्राओं द्वारा सात दिवसीय प्रशिक्षण में किए गए आत्मरक्षा के विभिन्न स्टेप का प्रदर्शन किया गया एवं सात दिवसीय प्रशिक्षण में कोच के रूप में स्वीटी रजक एवं श्री ज्ञान दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा ने कहा कि यह सात दिवसीय प्रशिक्षण हमारे विश्वविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा, आत्मबल, सामर्थ जोश और भविष्य में आगे बढ़ाने हेतु अति आवश्यक है। इसी तरीके की विभिन्न कौशल उन्नयन एवं शिक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सतत जारी है जो हमारे सभी छात्र–छात्राओं हेतु अति लाभकारी साबित हो रहे हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री टी.के. विद्यार्थी, कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, कृषि महाविद्यालय डॉ. पी.बी.शर्मा, डीएसडब्ल्यू डॉ. अमित शर्मा मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन वैज्ञानिक डॉ. रजनी शर्मा एवं आभार प्रदर्शन कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. पी.बी. शर्मा द्वारा किया गया। इस सात दिवसीय प्रशिक्षण के आयोजन में खेलकूद अधिकारी डॉ आशीष कुमार निगम, डॉ. धर्मेंद्र नरवरिया एवं छात्रावास अधीक्षक डॉ. सुब्रता शर्मा, डॉ. रीना नायर, डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. बी आर पांडे, डॉ. सौरभ सिंह का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. शरद विश्वकर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल`के अलावा अन्य वैज्ञानिक एवं बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।